प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 10.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...............................

नेपाल में फँसे भारतीयों की मदद के लिए राजस्थान पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय के कानून–व्यवस्था कार्यालय में एक विशेष सेल बनायी गई है। इस सेल में चौबीसों घंटे सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर हैंदृ 0141–2740832 और 0141–2741807। इसके साथ ही आमजन व्हाट्सएप नंबर 97849–42702 पर भी संपर्क कर सकते हैं। सेल की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक गोवर्धलाल सोकरिया को सौंपी गई है। साथ ही तीन पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी चौबीसों घंटे लगाई गई है, ताकि जरूरतमंदों को तुरंत सहायता मिल सके। इस बीच राज्य सरकार भी प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार की ओर से नेपाल मे फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। केन्द्र ने भारतीय नागरिकों को स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है। सरकार ने नेपाल में भारतीय नागरिकों को अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहने, सड़कों पर जाने से बचने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही, नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर, सरकार ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर हैं +977 – 980 860 2881 और +977 – 981 032 6134

...............................

नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर अपने निर्वाचन को राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताया है। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया है। जीत के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में, श्री राधा कृष्णन ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय की जीत है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अपनी नई भूमिका में, वे राष्ट्र के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के हित को ध्यान में रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें उपराष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी श्री राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि कल हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने इण्डिया गठाबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों के अन्तर से हराया। श्री राधाकृष्णन को 452 वोट मिले, जबकि श्री रेडी के पक्ष में 300 मत डाले गये।

...............................

विधानसभा में अतिरिक्त कैमरे लगाए जाने के मुद्दे पर आज विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने सत्ता पक्ष पर जासूसी करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। हंगामे के बीच प्रश्नकाल जारी रहा और मंत्रियों ने विधायकों के प्रश्नों के उत्तर दिए। कुछ समय बाद कांग्रेस सदस्यों ने प्रश्नकाल का बहिष्कार करते हुए वॉकआउट कर दिया। इसके बाद शून्यकाल शुरू होते ही कांग्रेस सदस्यों ने दोबारा हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही दोपहर एक बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भी कांग्रेस विधायकों ने अनुच्छेद 21 के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए विरोध मार्च निकाला। यह मार्च विधायकों के आवास से विधानसभा परिसर तक निकाला गया। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सत्ता पक्ष के खिलाफ नारेबाजी की।

...............................

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कोटपूतली–बहरोड के विराटनगर उपखण्ड में आज सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने शपथ भी ली। ये रैली कस्बे के सरकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से गुजरी।

................................

आज विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश में लोगों में आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम हो रहे है। कोटा में आत्महत्या पर दृष्टिकोण बदले संवाद शुरू करें की थीम पर कई प्रतियोगिताएं और नुक्कड नाटक हो रहे है।

................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 28 सितम्बर को होगा। यह इस कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी।

................................